बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

संचिका सं0–9/मेला आवंटन (किशनगंज)–III-15/2026–..................(9)/रा0, पटना–15, दिनांक–.......................

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

विषयः– किशनगंज जिलान्तर्गत खगड़ा मेला, 2026 के आयोजन एवं व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपबंधित राशि में से मो0–08,00,000=00 (आठ लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति के संबंध में।

आदेशः– स्वीकृत।

समाहर्त्ता, किशनगंज के पत्रांक–2716/जि0रा0, दिनांक–11.09.2025 के आलोक में किशनगंज जिलान्तर्गत खगड़ा मेला, 2026 के आयोजन हेतु मो0–08,00,000=00 (आठ लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. राशि की निकासी शीर्ष–2029–भू–राजस्व–104–सरकारी सम्पदाओं का प्रबंध–0002–हाट, बाजार, कचहरी इत्यादि का सुरक्षण–2701, लघु कार्य माँग सं0–40 विपत्र कोड–40–2029001040002 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2025–26 में उपबंधित राशि से की जायेगी।

3. किशनगंज जिलान्तर्गत खगड़ा मेला, 2026 के लिए स्वीकृत/आवंटित राशि का व्यय संबंधित मेले के आयोजन के लिए हीं किया जायेगा तथा उक्त राशि के व्यय का पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता एवं संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगें ।

4. राशि का व्यय वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561(वी0)(2) दिनांक–17.04.98 एवं विभागीय पत्रांक–2894(9), दिनांक–07.08.2025 के आलोक में किया जायेगा।

5. इस राशि की निकासी CFMS 2.0 के माध्यम से आवंटन के पश्चात की जायेगी।

6. समाहर्त्ता, किशनगंज को निदेश दिया जाता है कि स्वीकृत राशि का व्यय संबंधित अपर समाहर्त्ता/संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/संबंधित अंचलाधिकारी के द्वारा कराया जाय।

7. उक्त राशि का विचलन किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा।

8. उक्त राशि का व्यय सिर्फ संबंधित मेले के आयोजन हेतु विभिन्न मदों में किया जायेगा।

कृ0पृ0उ0

9. यह राशि इस शर्त्त पर स्वीकृत एवं आवंटित की जाती है कि पूर्व में आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र आवंटन/स्वीकृत्यादेश निर्गत तिथि के 15 दिनों के अन्दर एवं अद्यतन दी गई राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र 30 दिनों के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराना अपर समाहर्त्ता, किशनगंज की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

10. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांकः–9/मेला आवंटन (किशनगंज)–III-15/2026–482(9)/रा0, पटना–15, दिनांकः–27/02/26

फैक्स/ई–मेल ✓

प्रतिलिपि :–आयुक्त, पूर्णिया प्रमण्डल, पूर्णिया/समाहर्त्ता, किशनगंज/कोषागार पदाधिकारी, किशनगंज एवं उपकोषागार पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(जय सिंह) 27/02/26
सचिव।

D:\Vidyasagar secon-9\2026\MELA-Swekrityadesh _26.doc- 12